आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 मार्च 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण। कहा– मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर बनने से कई गुना बढ़ गयी मिर्जापुर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में दो सौ तिरासी चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को सौंपा नियुक्ति पत्र। कहा– तत्परता और पारदर्शिता के साथ करें अपने दायित्वों का निर्वहन।
- लोकसभा में पारित हुआ आव्रजन और विदेशी नागरिक विधेयक–दो हजार पचीस। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– राष्ट्रीय सुरक्षा, अनुसंधान और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है यह विधेयक।
- प्रदेश भर में आज अदा की जायेगी अलविदा की नमाज। माहौल बिगाड़ने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मिर्जापुर जिले में पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बीते आठ वर्षों की सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर बनने के बाद मिर्जापुर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना की वृद्धि हुई है।

***आस्था भी आर्थिकी का और आजीविका का आधार बन सकती है या महाकुंभ ने इसका मार्ग प्रशस्त किया और मैं आपको बधाई देता हूँ माँ विन्दुवासिनी का ये कॉरिडोर विकसित होने के बाद लाखों लाख श्रद्धालु आ रहा है और श्रद्धा भाव के साथ दर्शन करके आप सब के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यहाँ मिर्जापुर की धरती से जाता हूँ।***

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने मां विन्ध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन किया। उन्होंने वहां चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों, जनपद के विकास कार्यों और निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित दो सौ तिरासी चिकित्सा अधिकारियों एवं कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से अपील की कि वे पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ।

***आज आयुष के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं है और मैं बार बार कहता हूँ ये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जो बनाए जा रहे हैं जो प्रधानमंत्री जी की एक परिकल्पना है हर गाँव को आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हमारे आयुष के सेंटर आयुर्वेद हॉस्पिटल और जो हमारे अन्य आयुष के। जो कॉलेज है यूनिवर्सिटीज हैं ये संस्थान अपने आप में हेल्थ टूरिज्म के नए अड्डे बन सकते हैं।***

**********

प्रदेश भर में जारी विकास उत्सव के अंतिम दिन कल अलग अलग जिलों में प्रदेश सरकार के मंत्रियों की मौजूदगी में कार्यक्रम हुए। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सरकार में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अमेठी के गौरीगंज में आयोजित मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल बांटी। वाराणसी में प्रदेश के राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियां गिनाई।

**********

परिवहन विभाग प्रदेश के सभी जनपदों में एक से तीस अप्रैल तक अवैध ई–रिक्शा और ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलायेगा। प्रदेश के परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने सभी पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में पत्र लिखा है। परिवहन आयुक्त ने अभियान को लेकर कल विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्रवाई की रिपोर्ट हर शुक्रवार को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं।

**********

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए पहली अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस जुलाई है। पुरस्कार के लिए पात्र बच्चे की आयु इकतीस जुलाई दो हजार पचीस तक पांच वर्ष से कम और अठारह वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**********

लोकसभा ने कल आव्रजन और विदेशी नागरिक विधेयक–दो हजार पचीस पारित कर दिया है। विधेयक का उद्देश्य आव्रजन कानूनों को आधुनिक बनाना है। इसमें पासपोर्ट, यात्रा दस्तावेज, वीजा पंजीकरण के संबंध में केंद्र सरकार को कुछ शक्तियां प्रदान करने का प्रावधान है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक, राष्ट्रीय सुरक्षा सुदृढ करने, भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए वैश्विक मानदंड सुनिश्चित करने और अनुसंधान तथा विकास और विनिर्माण के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

***2047 के हमारे लक्ष्य के अंदर एक सशक्त अप्रवासन नीति का बहुत बड़ा महत्व और अप्रवासन एवं विदेशियों विषयक विधेयक 2025 प्रणाली को सिंपलीफाई करेगा, ड्रीम लाइन भी करेगा, सिस्टमैटिक बनाएगा और सुरक्षित मतलब सिक्यूर भी करेगा। यह ट्रांसपेरेंट भी बनेगा, ट्रैक ड्रिवन भी बनेगा, टाइम बाउंड भी बनेगा और ट्रस्टवर्दी भी बनेगा।***

**********

प्रदेश भर में ईद उल फित्र से पहले रमजान के अंतिम जुमे पर आज अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इसे शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***पुलिस महानिदेशक ने अलविदा की नमाज के दौरान सीसी टीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर जोन और सेक्टर स्कीम के तहत निगरानी रखने को कहा है। साथ ही अलविदा या ईद पर किसी नई परम्परा की अनुमति न देने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने अधिकारियों को पुलिस, पीएसी व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करने के निर्देश भी दिए हैं। सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने वालों पर भी तत्काल कारवाई सुनिश्चित करने को कहा है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

प्रदेश के सभी जिलों में कल विश्व टीबी दिवस संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। यह जानकारी राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ शैलेंद्र भटनागर ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित भी किया जाएगा।

***चौबिस मार्च दो हजार पच्चीस को भारत सरकार ने नई दिल्ली में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया था। इसमें सभी जिला क्षयरोग अधिकारियों और शासन को भी आमंत्रित किया गया था। इस कारण से चौबिस मार्च को जनपद स्तर पर विश्व क्षय रोग दिवस का समारोह करना संभव नहीं था। तो इसलिए महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य प्रदेश ने यह पत्र जारी करके सभी जनपदों को कहा था कि आप उन्तीस मार्च को अपने यहां विश्व क्षय रोग दिवस का समारोह कर लें जिसमें जो हमारी पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं, उनके माननीय प्रधानों को सम्मानित किया जाता है।***

**********

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा है कि वेव्स कार्यक्रम विश्वभर में तकनीक से जुड़े लोगों को एक ही मंच पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग में शामिल होने का अवसर प्रदान करेगा। श्री द्विवेदी ने कल मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे और वे सीईओ गोल मेज बैठक के प्रमुख भी होंगे।

**********

भारतीय खेल प्राधिकरण– साईं के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के खिलाड़ियों ने दिल्ली में हुए खेलो इंडिया पैरा–गेम्स दो हजार पचीस में पैरा–पॉवरलिफ्टिंग में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लखनऊ की टीम ने एक स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल चार पदक प्रतियोगिता में हासिल किये। नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में कल इस आयोजन का समापन हो गया। खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी इस अवसर पर उपस्थिति रहीं।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग के अट्ठरहवें सीजन के एक मैच में कल लखनऊ सुपरजायंट्स ने सनराइज हैदराबाद को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइज हैदराबाद की टीम ने बीस ओवर में नौ विकेट खो कर एक सौ नब्बे रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स टीम ने चार ओवर पहले ही पांच विकेट खो कर निर्धारित रन बना लिये और जीत दर्ज की।

**********